महत्वपूर्ण एवं खास

पैरावट में लगी आग एक बच्चे की मौत दो बच्चे गंभीर रूप से घायल,जांच में जुटी पुलिस

जगदलपुर (आरएनएस)। पैरावट में आग लगने से खेल रहे बच्चे आग लगने से बुरी तरह से झुलस गए। आग से एक बच्चे की मौके पर मौत हो गई, वहीं दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार भानपुरी के मुरकुची गांव में रखे पैरा में बच्चे झोपड़ी बनाकर खेल रहे थे, अचानक पैरावट में आग लग गई। ग्रामीणों ने भयानक आग देख 112 को सूचना दिया। मौके पर पहुंची भानपुरी पुलिस और दमकल की टीम ने कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं गंभीर रूप से घायल दो बच्चों को उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पैरावट में आग लगने की वजह पता नहीं चली है। बहरहाल, भानपुरी पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

जवाद चक्रवात के कारण 3 एवं 4 दिसंबर को कुछ ट्रेनें रद्द रहेंगी

रायपुर (आरएनएस)। जवाद चक्रवात के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल अंतर्गत आने वाली कुछ ट्रेनें 03 एवं 04 दिसंबर को रद्द रहेगी। वहीं आज गुरूवार को अहमदाबाद-पुरी एक्सप्रेस रद्द की गई है। रेल मंडल से मिली जानकारी के अनुसार जवाद चक्रवात के कारण 03 दिसंबर 2021 को गाड़ी संख्या 185 17 कोरबा विशाखापट्टनम एक्सप्रेस , गाड़ी संख्या 18426 दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12843 पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 18518 विशाखापट्टनम- कोरबा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसी प्रकार 04 दिसंबर को गाड़ी संख्या 12807 विशाखापट्टनम-निजामुद्दीन एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 22974 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 02 दिसंबर को भी गाड़ी संख्या 12844 अहमदाबाद-पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

नशे में धुत वार्ड ब्वॉय ने की मरीजों से हुज्जतबाजी

कोरबा (आरएनएस)। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक ओर व्यवस्था सुधारने की कोशिश की जा रही है, तो दूसरी ओर स्टाफ इस पर पलीता लगाने में लगे हैं। मंगलवार की रात अस्पताल के वार्ड ब्वॉय सुनील तिवारी ने ऐसा ही किया। वह नशे में धुत होकर सर्जिकल वार्ड में घुम रहा था, जहां मरीजों व उनके परिजन से वह हुज्जतबाजी कर रहा था। उसकी हरकत से परेशान कुछ मरीजों के परिजन ने आपत्ति की तो वह उल्टे उनको ही धमकाने लगा। परिजन जब मोबाइल से उसकी गतिविधियों की वीडियो बनाने लगे तो वह ड्यूटी पर नहीं होने और घुमने के लिए वहां आने की बात कहने लगा। साथ ही वीडियो बनाने वालों से बदसलूकी करते हुए अंजाम ठीक नहीं होने की धमकी देने लगा। इस दौरान वार्ड में मौजूद चिकित्सा कर्मियों भी मूकदर्शक बने रहे। हालांकि बाद में वार्ड ब्वॉय सुनील तिवारी वार्ड में रात में रूकने पर शिकायत होने से कार्रवाई होने की संभावना से वहां से चलते बना।

केनरा बैंक में सेंधमारी कर लॉकर से रुपये चोरी करने का प्रयास, नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

दुर्ग (आरएनएस)। बैंक में चोरी की कोशिश करते एक नाबालिग सहित दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी केनरा बैंक में सेंधमारी कर लॉकर से रुपये चोरी करने का प्रयास किये थे। मामला दुर्ग के कुम्हारी थाना क्षेत्र की है। दरअसल कुम्हारी क्षेत्र में स्थित केनरा बैंक के प्रबंधक प्रकाश कुमार ने थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत के बाद दुर्ग एसएसपी बद्री मीणा के निर्देश पर एडिशनल एसपी संजय ध्रुव के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। जांच के दौरान बैंक के आसपास लगे 100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज और संदेहियों से पूछताछ शुरू की गई।

तुंहर सरकार तुंहर द्वार : आवेदकों के घर छह माह में भेजे गए 4.45 लाख स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र तथा ड्राइविंग लायसेंस

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा नई सुविधा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' का कुशलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसके तहत केवल जून से नवम्बर तक 06 माह की अवधि में 04 लाख 44 हजार 683 स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र और ड्राइविंग लायसेंस आवेदकों के घर भेजे जा चुके हैं। इनमें 02 लाख 79 हजार 577 स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र तथा 01 लाख 65 हजार 106 ड्राइविंग लायसेंस शामिल हैं।

परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' के सुव्यवस्थित संचालन के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। इस तारतम्य में उन्होंने विगत दिवस राजधानी के पंडरी स्थित केन्द्रीकृत स्मार्ट कार्ड प्रिंटिंग केन्द्र का निरीक्षण भी किया और वहां संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। इस अवसर पर आयुक्त परिवहन टोपेश्वर वर्मा, अपर परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा, संयुक्त परिवहन आयुक्त देवव्रत सिरमौर तथा सहायक परिवहन आयुक्त शैलाभ साहू सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

परिवहन विभाग द्वारा संचालित 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' योजना लोगों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें लोगों को परिवहन संबंधी 22 सेवाएं उनके घर के द्वार पर पहुंचाकर दी जा रही है। जन केन्द्रित इस सुविधा के अंतर्गत लोगों को न अब बार-बार परिवहन विभाग का चक्कर लगाना पड़ रहा है और न ही उन्हें कोरोना के भय का सामना करना पड़ रहा है।

परिवहन विभाग द्वारा बताया गया है कि 'तुंहर सरकार, तुंहर द्वार' सेवा को और अधिक सुलभ बनाने के लिए विभाग द्वारा एक हेल्पलाईन नम्बर 75808-08030 जारी किया गया है, जो सभी कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक कार्य करते हुए जानकारी प्रदान करता है। आवेदक चाही गई जानकारी ई-मेल आईडी बहचंतपऔंदकपेचंजबी/हउंपस.बवउ पर भी अपनी मेल भेजकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त हेल्पलाइन नम्बर पर फोन करके आवेदक अपने ड्रायविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र के प्रेषण संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अभी औसतन प्रतिदिन 125-150 कॉल आ रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से ड्रायविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रक्रिया, टैक्स एवं फीस संबंधी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

हार्डवेयर व्यापारी के घर लाखों की चोरी, मामला दर्ज

कांकेर(आरएनएस)। कांकेर शहर के एक हार्डवेयर व्यापारी के घर में चोरों ने बड़ी चोरी की है। सूने मकान से लगभग 14.50 लाख रुपए कैश समेत सोने-चांदी के जेवरात पार कर लिए हैं। बताया जा रहा है कि 28 नवंबर को कारोबारी परिवार बेटे की शादी करने के लिए रायपुर गया हुआ था। इस बीच चोरों ने घर के अलग-अलग कमरों में घुस कर सामान उथल-पुथल कर कर लाखों रुपए पार कर दिए हैं। 1 दिसंबर को जब परिवार के सदस्य लौटे तो उन्हें चोरी की जानकारी मिली। परिवार के सदस्यों ने पुलिस को सूचना दी। मामला कांकेर थाना क्षेत्र का है।

व्यवसायी अशोक राठी ने बताया कि, सुबह जब वे घर पहुंचे तो देखा सामान यहां-वहां फेंका हुआ था। अलमारी समेत लॉकर का ताला भी टूटा हुआ था। पलंग से गद्दे, कपड़े समेत अन्य सामान को फैला दिया गया था। उन्होंने बताया कि लॉकर में लगभग 13 लाख रुपए और उनके बेटे के कमरे में लगभग डेढ़ लाख रुपए कैश रखे हुए थे। जिसे चोरों ने पार कर लिया। इसके अलावा डेढ़ लाख रुपए के सोने के जेवरात समेत करीब ढाई लाख रुपए के चांदी के बर्तन और जेवरात भी चोरी हो गए हैं।अशोक ने कहा कि, उनके घर में काम करने वाली महिला का सामान भी रखा हुआ था। उसमें भी कुछ गहने और कैश थे वो भी चोरी हो गए हैं। बताया जा रहा है कि चोर घर के पीछे की तरफसे ही घुसे थे। हालांकि पुलिस प्रारंभिक तौर पर आस-पास के घरों के बाहर लगे सीसी टीवी फुटेज खंगालने की कोशिश कर रही है।

मुख्यमंत्री ने दिव्यांग भाई-बहनों को आगे बढ़ाने सकारात्मक वातावरण बनाने की अपील की

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 3 दिसम्बर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों को सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए सभी लोगों से दिव्यांग भाई-बहनों को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक वातावरण बनाने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दिव्यांग दिवस का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के लिए समाज में समानता का वातावरण निर्मित करने के साथ ही उनके लिए तरक्की और विकास के रास्ते सुनिश्चित करना है। शारीरिक अक्षमता के कारण कई बार दिव्यांगों को भेदभाव और उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है। इसे दूर करने के लिए समाज में जागरूकता की जरूरत है। भावी पीढ़ी को दिव्यांगता से बचाने के लिए हमें उनके पोषण और स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक होने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दिव्यांग भाई-बहनों के जीवन में सुविधा और सकारात्मक बदलाव के लिए हर प्रयास करने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। यह गर्व और खुशी का विषय है कि अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर इस वर्ष दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए छत्तीसगढ़ को तीन श्रेणियों में राष्ट्रीय पुरस्कार मिल रहा है। उन्होंने सामाजिक संगठनों और समाज से दिव्यांगजन के लिए सक्रिय भागीदारी के साथ कानूनी, सामाजिक, आर्थिक और अन्य बाधाओं को दूर का आग्रह करते हुए कहा कि दिव्यांग दिवस की सार्थकता तभी होगी जब समाज में दिव्यांग अन्य नागरिकों के समान ही आर्थिक और सामाजिक परिस्थिति पा सकेंगे।

पुलिस-नक्सली की लड़ाई में महिलाओं पर किया जा रहा है अत्याचार - अमित जोगी

» पीड़ितों को न्याय दिलाने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग,व सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के सिलगेर एवं बुरजी के आंदोलनरत ग्रामीणों से मिलकर लौटने के बाद सर्किट हाऊस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए जोगी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा कि यहां पुलिस व नक्सली के बीच लड़ाई में महिलाओं पर अत्याचार किया जा रहा है, जो कतई ठीक नहीं है। जिसे वे बर्दाश्त नहीं करेंगे, उन्होंने कहा कि वे पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग,एवं सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे।

अमित जोगी ने कहा कि वे दो दिनों से बीजापुर में रहकर यह देख चुके है कि यहां सरकार की पहुंच अंदुरुनी क्षेत्रों तक नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि सिलगेर एवं बुरजी के ग्रामीणों से बात करके उन्हें कई गंभीर मामले पीड़ित परिवारों से मिले हैं। जिसमें दो सगी बहनों की एक साजिश के तहत हत्या कर दी गई, वहीं 14 अगस्त को बेचापाल में एक युवती के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया।

उन्होंने बताया कि इस अत्याचार से पीड़ित दो बहनें अभी जीवित है। इनमें एक ने तो राज्य महिला आयोग के पास भी अपनी आपबीती बताई है। बावजूद अब तक कोई कार्यवाही नहीं कि गई है। उन्होंने कहा कि अत्याचार नरसंहार के कई मामले ग्रामीणों ने उन्हें बताए है।

अमित जोगी ने राज्य की भूपेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार विकास की बात करती है। लेकिन यहां पांच किलोमीटर के दायरे तक ही विकास सिमट गया है। अंदुरुनी क्षेत्र सरकार की पहुंच से अब भी दूर है। उन्होंने आगे कहा कि वे दो दिन से बीजापुर में है, और अंदुरुनी क्षेत्रों तक पहुंचे है। लेकिन उन्हें कही भी सरकार की पहुंच नजर नहीं आई। अभी भी हजारों ग्रामीणों के आधार कार्ड, राशन कार्ड व वोटर आईडी कार्ड नहीं बन पाए हैं। इस दौरान जेसीसी के सकनी चन्द्रिया, जमुना सकनी, नवनीत चांद, अमित पांडेय, टंकेश्वर भारद्वाज, रौशन झाड़ी मौजूद रहे।

आत्मसमर्पित 6 माओवादियों को मिली 15 लाख सहायता राशि

» छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसर्पण और पुनवार्स नीति के तहत हुए लाभावितं

बीजापुर (आरएनएस)। वर्ष 2019 एवं 2020 में छ0ग0 शासन कीआत्मसमर्पण और पुनवार्स नीति एवं क्षेत्र में चलाये गये माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान जिला बीजापुर के 06 इनामी माओवादियों द्वारा हिंसा का रास्ता छोड़कर, भारतीय संविधान पर विश्वास रखते हुये एवं छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण और पुनवार्स नीति से प्रभावित होकर, समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के उद्देश्य से पुलिस के समक्ष आत्मसमपर्ण किया था ।छ0ग0 शासन गृह विभाग द्वारा सभी आत्मसमर्पित माओवादियों को आत्मसमर्पण और पुनवार्स नीति के तहत् सुरक्षा एवं पुनवार्स हेतु सहायता राशि स्वीकृति के पश्चात दिनांक 02.12.2021 को कलेक्टर बीजापुर राजेन्द्र कुमार कटारा एवं वरि.पुलिस अधीक्षक बीजापुर कमलोचन कश्यप, द्वारा जारी सहायता राशि की चेक सबंधित को प्रदान की गई ।निम्न आत्मसमर्पित माओवादियों को उनके पद, और उनपर घोषित इनाम की राशि प्रदाय किया गया -

1. गोपी मोड़ियम पिता स्व0पाण्डू उम्र 35 वर्ष निवासी चेरकंटी थाना बीजापुर, धारित पद-गंगालूर एरिया कमेटी (एसीएम)जनताना सरकार अध्यक्ष, राशि - 5.00 लाख, नागेश कुरसम उर्फ बुधराम पिता पाण्डू कुरसम उम्र 30 वर्ष निवासी गट्टापारा मनकेली थाना बीजापुर, धारित पद- पामेड़-उसूर एरिया कमेटी, प्लाटून नम्बर 02 सेक्शन कमाण्डर

राशि - 3.00 लाख, मंगलू वेको उफ 'मंगल सिंह पिता पाण्डू मोड़ियम उम्र 35 वर्ष निवासी केशकुतुल थाना भैरमगढ़ धारित पद- एमएमसी जोन/विस्तार प्लाटून नम्बर 03 सदस्य राशि - 2.00 लाख, वनोजा उर्फ़ राजे वेको पति मंगलू वेका उम्र 23 वर्ष निवासी केशकुतुल थाना भैरमगढ़

धारित पद - एमएमसी जोन/विस्तार प्लाटून नम्बर 03 सदस्या, राशि - 2.00 लाख, सुमित्रा चेपा पिता सिन्ना चापा उम्र 32 वर्ष निवासी पेद्दाकवाली थाना मोदकपाल, धारित पद- बटालियन कंपनी नम्बर 01 के प्लाटून नम्बर 3 की सेक्शन सदस्या , राशि - 2.00 लाख, रंजीता ओयाम पिता बुधराम ओयाम उम्र 23 वर्ष निवासी चिन्नाजोजेर थाना बीजापुर, धारित पद- उदंती एलओएस कमाण्डर, राशि- 1.00 लाख ।

राज्यपाल ने लोक कलाकार पद्मश्री बारले का किया सम्मान

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से राजभवन में प्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले ने सौजन्य भेंट की। राज्यपाल ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित होने पर बधाई दी। उन्होंने बारले को शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मिनी माता सम्मान प्राप्त सुश्री अमिता बारले भी उपस्थित थीं। उल्लेखनीय है कि डॉ. बारले को पिछले दिनों भारत सरकार ने पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया है।

स्वागत द्वार ट्रेलर पर गिरा, चालक की मौत

जांजगीर (आरएनएस)। जांजगीर में स्वागत द्वार ट्रेलर पर गिरने से ड्राइवर की मौत हो गई। हादसा हाइड्रोलिक ट्रॉली के स्वागत द्वार से टकराने के चलते हुआ। इसके बाद ड्राइवर ट्रेलर के केबिन में ही फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब 8 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद उसे सुबह बाहर निकाला। इसके बाद हालत गंभीर देख उसे रायगढ़ रेफर किया गया, लेकिन उपचार के दौरान करीब 3 घंटे बाद उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ड्राइवर डस्ट डंप करने के बाद हाइड्रोलिक ट्रॉली को नीचे करना भूल गया था।

मिली जानकारी के अनुसार धोबनीपाली निवासी विमल कुमार 32 वर्ष बुधवार देर रात डभरा के आरकेएम पावर प्लांट से ट्रेलर में डस्ट लेकर हसौद क्षेत्र के रनपोटा गांव डंप करने के लिए गया था। वहां डस्ट डंप करने के बाद वह हाइड्रोलिक ट्रॉली को नीचे करना ही भूल गया। लौटने के दौरान रात करीब 2 बजे तेज रफ्तार में चल रहे ट्रेलर की ट्रॉली गांव के स्वागत द्वार से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सीमेंट का बना पूरा गेट ट्रेलर पर जा गिरा।

तेज धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण बाहर की ओर भागे तो देखा कि पूरा स्वागत द्वार ट्रेलर के केबिन पर गिरा है और चालक अंदर फंस गया है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी सरपंच को दी। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। इसके बाद चालक को बाहर निकालने का प्रयास शुरू हुआ। कटर के जरिए किसी तरह केबिन काट कर सुबह 10 बजे के करीब चालक को बाहर निकाला जा सका। ड्राइवर को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। जहां हालत गंभीर देख उसे रायगढ़ रेफर कर दिया गया था।

दोस्त की नसबंदी प्रेरित होकर देखने आए दोस्त ने भी करा ली नसबंदी

» महिला नसबंदी की तुलना में बहुत आसान है पुरुष नसबंदी

रायपुर (आरएनएस)। महिला नसबंदी की तुलना में भले ही पुरुष नसबंदी कम है। लेकिन समझदार पुरुष अब पत्नी के बजाए खुद से आगे आकर परिवार नियोजन के स्थाई साधन पुरुष नसबंदी करवाने में आगे आ रहे हैं।

मोहन (बदला हुआ नाम) बताते हैं, मेरे 3 बच्चे हैं और मैं अब और बच्चे नहीं चाहता। इसके लिए मैं चिकित्सालय जाकर स्थाई साधन के लिए बातचीत की तो मुझे परिवार नियोजन परामर्शदाता ने बताया परिवार नियोजन के लिए आप पुरुष नसबंदी करवा सकते हैं। बातचीत में मैंने पूछा कि महिला नसबंदी ज्यादा बेहतर है या पुरुष नसबंदी तब परामर्शदाता ने मुझे बताया पुरुष नसबंदी में केवल 5 मिनट का समय लगता है । जबकि महिला नसबंदी एक जटिल प्रक्रिया है। जिसके बाद महिला को सामान्य स्थिति तक आने में कभी कभी एक महीना तक लग जाता है । इसकी तुलना में पुरुष 1 घंटे बाद अपने नियमित कार्य कर सकता है ।

मोहन के साथ आए उसके मित्र अमित (बदला हुआ नाम) का कहना है कि हम लोग अभी आपस में बात कर ही रहे थे की मोहन ने आकर बताया कि मेरी नसबंदी हो गयी है । हमको पहले विश्वास नहीं हुआ कि पुरुष नसबंदी इतनी जल्दी कैसे हो सकती है।

इस बारे में काउंसलर ने उसको बताया, पुरुष नसबंदी मात्र एक रस्सी में गांठ लगाने जैसा है, जितना समय आपको रस्सी में गांठ लगाने में लगता है, उतना ही समय इस नसबंदी में लगता है । पुरुष नसबंदी इतनी सरल प्रक्रिया है यह जानकर हमने भी पुरुष नसबंदी करवा ली है। महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों की भी परिवार नियोजन में बराबर जिम्मेदारी है ।

डॉ.संजय नवल सर्जन कहते है ''नसबंदी में अब पुरुषों का समर्थन भी मिल रहा है । पुरुष नसबंदी जन्म दर को रोकने का एक स्थायी, प्रभावी और सुविधाजनक उपाय है। यह यौन जीवन को बेहतर बनाता है। सहवास के दौरान गर्भ ठहरने की चिंता को दूर करता है।पुरुष नसबंदी एक सामान्य प्रक्रिया है नसबंदी की प्रक्रिया शासकीय चिकित्सालयों में निशुल्क की जाती है। '' पुरुष नसबंदी और महिला नसबंदी में किसी एक को चुनना हो, तो पुरुष नसबंदी को चुनना बेहतर विकल्प होता है। पुरुष नसबंदी की प्रक्रिया आसान है। इसमें अस्पताल में भर्ती होने की भी जरूरत नहीं पड़ती। ऑपरेशन के बाद पुरुष चलकर भी घर जाने की हालत में रहता है। पुरुष नसबंदी गर्भ रोकने का एक स्थायी तरीका भी है।'

नसबंदी के बाद पुरुष की सहवास करने की इच्छा, प्राइवेट पार्ट में तनाव, चरम सीमा का आनंद और वीर्य की मात्रा जितनी पहले थी, उतनी ही रहती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के मीडिया प्रभारी गजेंद्र डोंगरे ने बताया कि पखवाड़ा 4 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा ।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षेत्र में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्त शिल्पी पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU